# उर्दना में आयोजित हुआ 6 वीं वाहिनी का 39 वां स्थापना दिवस

## जवानों के पराक्रम एवं बहादुरी से सुरक्षित बना हमारा राष्ट्र-वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी

**❑ मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में पूरा प्रदेश आपके परिवार के साथ, वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने सुरक्षा बलों के जवानों से कहा**













रायगढ़

वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी के मुख्य आतिथ्य में आज रायगढ़ के उर्दना में 6वीं वाहिनी के 39 वां स्थापना दिवस का आयोजन हुआ। इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक (छ.स.बल) उत्तर क्षेत्र सरगुजा आरीफ शेख, कलेक्टर कार्तिकेया गोयल, एसपी दिव्यांग पटेल, कमांडेंट 6वीं वाहिनी निवेदिता पॉल, उप सेनानी सुरेशा चौबे उपस्थित रही।

वित्त मंत्री चौधरी ने कहा कि ऐसा कोई दिन नहीं जाता था, जिसमें हमारे वीर जवानों की शहादत नहीं होती थी। इतनी दुर्भाग्यजनक स्थिति बस्तर के उन परिस्थितियों में छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के जवानों को लड़ते देखा है। अपने प्राणों की आहुति लगाकर छत्तीसगढ़ और भारत की संप्रभुता की रक्षा की। उनकी शहादत के बाद उनके परिवारों की पीड़ा को भी महसूस किया है। ये निश्चित रूप से किसी भी व्यक्ति के लिए बहुत दुखद क्षण होता है। हमारे सशस्त्र बल के जवान अपने प्राणों की आहुति देकर देवत्व से भी ऊंचे स्थान को प्राप्त करते हैं। इसलिए मनुष्य जीवन को नीचे एवं ऊपर जाने की भी असीम संभावना है। तो यह स्थान अपने प्राणों का देश के लिए शहादत देने वाले हमारे जवानों को ही मिलता है। इसलिए हमारे छत्तीसगढ़ में विशेष रूप से माओवाद के खिलाफ लड़ते हुए जिन जवानों ने अपनी शहादत दी है, उनके शहादत को मैं नमन करता हूँ और उनके परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूँ।

दंतेवाड़ा, बस्तर जैसे क्षेत्रों में विकास के कामों को आगे बढ़ाने के लिए प्रशासन या निजी व्यक्तियों को जब कुछ करना होता है तो सबसे पहले जरूरत होती है, वो है सुरक्षा पूर्ण परिवेश की, जो आप प्रदान करते हो। माओवादी गतिविधियों के कारण वहाँ विकास की कोई परिकल्पना नहीं कर सकते थे, लेकिन हमारे जवानों के बहादुरी एवं वीरता के कारण बस्तर में भी परिस्थितियां बदली और वहां विकास कार्यों को भी निरंतर गति मिल रही है। आज छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा एवं बस्तर में विकास के नए-नए मॉडल प्रस्तुत किए जा रहे है। जिसमें एजुकेशन सिटी, लाइवलीहुड कॉलेज, नन्हें परिंदे, प्रयास विद्यालय, सड़कों का निर्माण, डिजिटल इंडिया के कॉन्सेप्ट को बस्तर के गांव-गांव तक पहुंचाने जैसे विभिन्न कार्यों को किया गया है। हम विकासशील से विकसित राष्ट्र की दिशा में अग्रसर है, जिसकी बुनियाद हमारे जवानों द्वारा दी गई सुरक्षा से निर्धारित होती है। जवान सीमा में तैनात है और हम किसी भी देश को जवाब देने के लिए सशक्त है, हम देश की सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं कर सकते। आज हमारा राष्ट्र सुरक्षित है जो हमारे जवानों के पराक्रम एवं बहादुरी से हो पाया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बस्तर से इतना लगाव रखते हैं कि विभिन्न योजनाओं की शुरुआत उन्होंने बस्तर से की है। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि वे अपनी संपूर्ण ऊर्जा का प्रयोग करते हुए प्रदेश एवं देश की ताकत बने। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में पूरा प्रदेश आपके परिवार के साथ खड़ा है। परिवार को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होगी, इसके लिए शासन प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि कई बार ड्यूटी की अधिकता, कार्य की जटिलता एवं कठिन परिस्थितियों के कारण तनाव की स्थिति निर्मित होती है, उन्होंने पुलिस महानिरीक्षक एवं कमांडेट उर्दना से कहा कि जवानों के बेहतर वातावरण देने सकारात्मक कार्यक्रम का आयोजन करवाया जाए। इसी प्रकार जो चीजें सशक्त बल एवं उनके परिवार के लिए जरूरी होगी, उसे मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में प्राथमिकता से साथ पूरा किया जाएगा। रायगढ़ और प्रदेश को नई ऊंचाई में पहुंचाने के लिए मिल कर कार्य करना है।

**वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले जवानों को किया सम्मानित**

6 वीं वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल रायगढ़ के 39 वां स्थापना दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल, उत्तर रेंज-सरगुजा के 7 वाहिनी शामिल हुए। जिसमें दूसरी वाहिनी छसबल सकरी बिलासपुर, 6 वीं वाहिनी, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल रायगढ़, 10 वीं वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल सिलफिली, सूरजपुर, 11 वीं वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल जांजगीर-चांपा, 12 वीं वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल रामानुजगंज बलरामपुर, 13 वीं वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल मड़वारानी कोरबा एवं 18 वीं वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल मनेन्द्रगढ़, कोरिया शामिल हुए। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ सशस्त्र बल के गतिविधियों से संबंधित झांकियों का जीवंत प्रदर्शन किया गया। वित्त मंत्री चौधरी ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले जवानों को प्रशस्ति पत्र के साथ ही सशस्त्र बल परिवार के शिक्षित बेरोजगार युवकों को विभिन्न कंपनियों का नियुक्ति पत्र भी प्रदान किया।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### दसवीं-बारहवीं बोर्ड परीक्षा का टाईम टेबल जारी

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षक मंडल ने हाईस्कूल, हायर सेकेंडरी मुख्य परीक्षा 2025 की डेटशीट जारी कर दी है। हायर सेकेंडरी की मुख्य परीक्षा 1 मार्च से 28 मार्च तक होगी, जबकि हाईस्कूल की बोर्ड परीक्षा 3 मार्च से 24 मार्च तक आयोजित होगी। दोनों परीक्षाएं सुबह की पाली में आयोजित होगी।

### सामान्य भविष्य निधि के अंतिम भुगतान प्रकरण में ऋणात्मक शेष के संबंध में 11 से 13 दिसम्बर तक होंगे शिविर आयोजित

**रायगढ़।** वरिष्ठ कोषालय अधिकारी, रायगढ़ ने समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को सूचित किया है कि अपने कार्यालय के अभिदाता/अभिदात्री के ऋणात्मक शेष के संबंध में महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) छ.ग.रायपुर द्वारा समाधान शिविर कलेक्टोरेट रायगढ़ के सृजन सभाकक्ष में 11 से 13 दिसम्बर 2024 तक आयोजित किया जाएगा। अभिदाता एवं संबंधित स्थापना कर्मचारी को दस्तावेज जैसे पांचवी अनुसूची/ फार्म-बी (विभाग द्वारा अग्रेसित/सेवानिवृत्त दिनांक/अभिदाता का हस्ताक्षर), मूल पासबुक/शपथपत्र, स्थायी अग्रिम का विवरण (05.06.1972 से), जीपीएफ का विवरण (जीपीएफ वार्षिक लेखा पर्ची) तथा अंतिम बारह माह के कटौत्रे का विवरण के साथ शिविर में अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर जीपीएफ ऋणात्मक शेषों के प्रकरणों के निराकरण हेतु निर्देशित करें।

### राज्यपाल डेका को उत्तर प्रदेश के समाज कल्याण राज्य मंत्री गोंड ने दिया महाकुंभ 2025 के लिए न्यौता

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्यपाल रमेन डेका से आज राजभवन में उत्तर प्रदेश के अनुसूचित जाति, जनजाति कल्याण विभाग एवं समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव कुमार गोंड ने सौजन्य भेंट की। गोंड ने उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ की ओर से राज्यपाल डेका को प्रयागराज में आयोजित महाकुम्भ 2025 के लिए न्यौता दिया।

### ट्रेलर की टक्कर से कार सवार महिला की मौत

**रायपुर (आरएनएस)।** रिंग रोड नंबर 3 निस्दा चौक के पास एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने कार को टक्कर मार दिया। जिससे कार सवार महिला की मौत हो गई। मामले में विधानसभा पुलिस ने ट्रेलर चालक के खिलााफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतिका गरिमा मौर्य पति गीत मौर्य 38 वर्ष अपनी कार से कहीं जा रही थी, तभी रिंग रोड नंबर 3 स्थित निस्दा चौक के पास ट्रेलर वाहन क्रमांक सीजी 12 बीक्यू 0369 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए कार को टक्कर मार दिया। जिससे कार के पीछे सीट में बैठी गरिमा मौर्य की मौत हो गई। सूचना पर विधानसभा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं पुलिस ने ट्रेलर चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## कबीर चौक पर झगड़ा, विवाद करने वाले युवक पर जूटमिल पुलिस ने की कार्यवाई, गिरफ्तार कर भेजा हवालात

रायगढ़



बीती रात कबीर चौक पर हुए विवाद पर जूटमिल पुलिस ने तत्पर कार्रवाई करते हुए तनाव उत्पन्न करने वाले युवक बंटी पांडे को गिरफ्तार किया। घटना उस समय हुई जब बंटी पांडे, सवारियों को जबरन अपने ऑटो में बैठाने की कोशिश कर रहा था।

मामला तब बढ़ा जब बालाघाट, एमपी निवासी मिथुन लिलारे (33 साल) ने शिकायत की कि वे करीब 20-25 लोगों के साथ, जिसमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे, चंद्रपुर मंदिर दर्शन कर कोसमनारा बाबाधाम दर्शन के लिए जा रहे थे। कबीर चौक पर बंटी पांडे ने उनके साथ गाली-गलौज और जोर-जबरदस्ती की।

पेट्रोलिंग पर मौजूद पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभालने का प्रयास किया, लेकिन आरोपी पुलिस को देखते ही भागने लगा। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उसे दौड़ाकर पकड़ लिया और थाने ले आई।

थाना प्रभारी मोहन भारद्वाज ने बताया कि बंटी पांडे पुलिस की मौजूदगी में भी गवाहों के सामने गाली-गलौज और झगड़े पर उतारू था। इस व्यवहार को गंभीरता से लेते हुए अनावेदक बंटी पाण्डे पिता राजू पाण्डे 23 साल निवासी कबीर चौंक जूटमिल पर प्रतिबंधक धारा 170, 126, 135(3) BNSS के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस ने क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए लोगों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अव्यवस्था की सूचना तत्काल दें।

## कोटपा एक्ट के तहत 5 पान ठेला पर की गई चालानी कार्यवाही

रायगढ़



कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन एवं सीएमएचओ डॉ.बी. के.चन्द्रवंशी के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत आज रायगढ़ शहरी क्षेत्र में बोईरदादर रोड़ (शालिनी स्कूल) एवं चक्रधर नगर (डिग्री कॉलेज) क्षेत्र के आस-पास स्थित पान ठेलाओं में कोटपा एक्ट-2003 अधिनियम के तहत चालानी कार्यवाही खाद्य एवं औषधी विभाग के अमित राठौर ड्रग इंस्पेक्टर तथा पुलिस विभाग के समन्वय से कोटपा एक्ट बोर्ड नहीं लगाने तथा सार्वजनिक जगहों पर चेतावनी दिये बिना तम्बाकू एवं सिगरेट की बिक्री किये जाने हेतु 5 पान ठेलाओं के ऊपर आर्थिक रूप से दण्डात्मक (चालानी) 1000 रूपये की चालानी कार्यवाही की गई। साथ ही नियमों का पालन करने हेतु निर्देश दिये गये एवं कोटपा एक्ट-2003 बोर्ड (आईईसी) के संबंध में जानकारी दी गई।

कोटपा एक्ट अधिनियम धारा 4 के तहत सार्वजनिक स्थानों में प्रभारी/मालिक हर प्रवेश द्वार एवं हर मंजिल में सुस्पष्ट स्थान पर लंबाई 60 से.मी.एवं चौड़ाई 30 से.मी. का पृष्ठभूमि में काले अक्षरों में बोर्ड लगाना आवश्यक है, जिसमें लिखा जाना है धूम्रपान रहित क्षेत्र यहा धूम्रपान करना एक अपराध है उल्लघंन करने पर 200 रूपये तक का जुर्माना किया जाएगा (काला घेरा और क्रास लाल रंग में) प्रदर्शित होना चाहिए तथा धारा 5 तंबाकू पदार्थो को बेचने वाली दुकानों पर लंबाई 60 से.मी. व चौड़ाई 45 से.मी. आकार के सफेद पृष्ठभूमि में काले अक्षरो में बोर्ड लगाना जिसमें लिखा जाना है कि तम्बाकू से कैंसर होता है एवं दूसरे और तम्बाकू उत्पादों (बीड़ी, खैनी, सिगरेट,गुटखा, सिगार, पान मसाला) का नाम लिखना है। धारा 6, के तहत् 18 वर्ष से कम आयु वर्ग को तम्बाकू पदार्थ बेचना अपराध है, तथा समस्त शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज के दायरे में तम्बाकू पदार्थ बेचना अपराध है जिसका उल्लंघन करने पर 200 रूपये तक का जुर्माना हो सकता। धारा 7 के तहत बिना चित्रित वैधानिक चेतावनी के तम्बाकू पदार्थ के पैकेट बेचना अपराध है, साथ ही चित्रित वैधानिक चबाने वाले और पीने वाले तम्बाकू में दिये गये प्रारूप में छपी होनी चाहिये। सभी पान ठेलाओं में तम्बाकू से कैंसर होता है (बीड़ी, खैनी, सिगरेट, गुटखा, सिगार, पान मसाला) और 18 वर्ष के व्यक्तियों को तंबाकू पदार्थ बेचना दण्डनीय अपराध है। दोनों का विज्ञप्ति बोर्ड अनिवार्य रूप से सभी पान ठेलाओं में जहाँ तम्बाकू एवं सिगरेट की खरीदी बिक्री की जाती हो वहाँ कोटपा एक्ट बोर्ड लगा होना आवश्यक है। उक्त चालानी कार्यवाही में सीमा बरेठ प्रभारी तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम सहभागिता रही।

## मेडिकल कालेज अस्पताल में पहाड़ी कोरवा करण सिंह के जटिल फ्रैक्चर का हुआ सफल ऑपरेशन : मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में स्वास्थ्य सुविधाओं में हो रहा विस्तार

रायगढ़



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय राज्य के विकास के लिए कृतसंकल्पित हैं। सुशासन का ये सफर स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार के रूप में भी नजर आ रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निर्देशन में स्वास्थ्य सुविधाओं के विकास पर विशेष जोर दिया है। जिसके तहत् स्व.श्री लखीराम अग्रवाल स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध संत बाबा गुरु घासीदास जी स्मृति शासकीय चिकित्सालय रायगढ़ लगातार अपनी सुविधाओं को बढ़ाने एवं मरीजों के बेहतर इलाज के लिए प्रतिबद्ध है।

इस कड़ी में अस्थि रोग विभाग में भर्ती मरीज ग्राम-सियान, चिरोली जिला-कोरबा निवासी करण सिंह कोरवा (पहाड़ी कोरवा) उम्र 30 वर्ष का जटिल व दुर्लभ फ्रैक्चर का सफल ऑपरेशन डीन डॉ.विनीत जैन एवं अस्पताल अधीक्षक डॉ.मनोज कुमार मिंज के मार्गदर्शन में सफलता पूर्वक किया गया। मरीज करण सिंह कोरवा, कोरबा से अपने गांव सियान जाते समय मोटरसाइकिल से गिर गये थे। जिससे उनके घुटने में गहरी चोट आई थी। मरीज गत माह 21 नवंबर को मेडिकल कॉलेज अस्पताल रायगढ़ में भर्ती हुआ जिसका 02 दिसंबर को ऑपरेशन किया गया। उनके घुटने के नीचे की अस्थि का टुकड़ा (टिबिया कॉन्डाइल) जोड़ से टूट कर पीछे की तरफ रक्त वहनियों एवं नसों के बीच में फंसा हुआ था। जिसके लिए मरीज का सीटी स्कैन भी कराया गया। इस तरह के केस अत्यंत दुर्लभ है, इससे रक्त वाहनियों तथा नसों (नर्व)को चोट लगने से पैरों में लकवा अथवा पैर काटने का खतरा लगातार बना होता है। ऑपरेशन के दौरान भी रक्त वाहनियों अथवा नसों में चोट लगने से पैरों में सुन्नपन का खतरा बना रहता है। अस्थि रोग विभाग के विभागाध्यक्ष एवं सह प्राध्यापक डॉ.प्रवीण जांगड़े और सीनियर रेसिडेण्ट डॉ. दुष्यंत सोनी, जूनियर रेसिडेण्ट डॉ.रूपेश गेहानी, निश्चेतना विभाग टीम के विभागाध्यक्ष डॉ.ए.एम.लकड़ा एवं डॉ.लेश पटेल के साथ मिलकर जटिल ऑपरेशन को सफलता पूर्वक किया गया। वर्तमान में मरीज अपना घुटना मोड़ रहा है एवं मरीज का पैर बचा लिया गया है तथा मरीज खतरे से बाहर है। कुछ ही दिनों में मरीज सहारे से चलना भी शुरु कर सकता है। मरीज का सम्पूर्ण जांच एवं इलाज नि:शुल्क किया गया।

## छत्तीसगढ़ में मौसम में होगा बदलाव, 2 दिनो में 4 डिग्री तक गिर सकता है पारा

**रायपुर ।** आरएनएस

छत्तीसगढ़ में न्यूनतम तापमान आने वाले 48 घंटो में 4 डिग्री तक गिर सकता है। पश्चिम बंगाल की खाडी से प्रचुर मात्रा में आ रही नमी के चलते प्रदेश के एक दो स्थानों में हल्की वर्षा हो सकती है। वही रायपुर के आस-पास भी आंशिक रूप से बादल छाए रहने की संभावना है प्रदेश में आकाश मेघमय और वर्षा का दौर आईएमडी एजेंसी के अनुसार समाप्त होने के बाद पारा प्रदेश में गिरने का आसार व्यक्त किया गया है। प्रदेशभर में न्यूनतम तापमान में गिरावट की संभावना है रायपुर का अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। रविवार को प्रदेश में एक दो स्थानों में हल्की वर्षा दर्ज की गई है। अधिकतम वर्षा जगदलपुर में 11.5 मिलिमीटर दर्ज की गई। वही प्रदेश में अधिकतम तापमान 11.6 डिग्री सेल्सियस दुर्ग में एवं न्यूनतम तापमान 8.9 डिग्री सेल्सियस बलरामपुर में दर्ज किया गया। मौसम विज्ञानी रायपुर एचपी चंद्रा ने बताया कि पिछले 30 वर्षों के आंकड़ों के अनुसार अधिकतम तापमान उतार-चढ़ाव भरा है दुर्ग में यह सामान्य औसत से 4 डिग्री, अंबिकापुर में 2.3 डिग्री, रायपुर में 1.2 डिग्री अधिक है वही जगदलपुर में यह सामान्य औसत से 1.1 डिग्री सेल्सियस, बिलासपुर में 0.2 डिग्री और पेंड्रा रोड मे 0.1 डिग्री सेल्सियस कम है। इसी बीच वर्षा की वजह से न्यूनतम तापमान औसत से अधिक चल रहा है।

### सुगम ऐप बन रहा जमीन रजिस्ट्री में पारदर्शिता की नई पहचान

## सुगम ऐप में जमीन की वास्तविक स्थिति की जानकारी अक्षांश देशांश युक्त फोटो के साथ कर सकते हैं अपलोड

**❑ पक्षकारों ने कहा सुगम ऐप से पारदर्शिता और विश्वसनीयता में हुआ है इजाफा**

**❑ क्रेता-विक्रेता सुगम ऐप से पंजीयन प्रकिया में मिल रही बड़ी सहूलियत**

रायगढ़



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के पहल पर प्रदेश में तकनीकी नवाचारों के निरंतर प्रयास से नागरिकों की सुविधा को प्राथमिकता दी जा रही है। इसी कड़ी में वित्त एवं पंजीयन मंत्री ओ.पी.चौधरी के निर्देश में रजिस्ट्री प्रक्रिया को पारदर्शी और जनता के लिए अधिक सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से 'सुगम ऐप' का शुभारंभ किया गया है। सुगम मोबाइल ऐप के माध्यम से छत्तीसगढ़ के सभी पंजीयन कार्यालयों में पंजीयन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और सुरक्षित बनाया जा रहा है।

रायगढ़ निवासी विवेकानंद मिश्रा सुगम एप को जमीन रजिस्ट्री की दिशा में समय की मांग के अनुसार उठाया गया सबसे जरूरी कदम मानते हैं। उनका कहना है कि इससे जमीन रजिस्ट्री की प्रक्रिया पारदर्शी हो गई है। इससे जमीन संबंधित विवाद और मुकदमेबाजी की संभावनाएं काफी कम हो जाती है। क्रेता और विक्रेता दोनों के लिहाज से यह अत्यंत सुविधाजनक है व उनके बीच विश्वसनीयता को भी बढ़ाता है। वहीं दीपेश अग्रवाल का कहना है कि सुगम एप की सबसे खास बात है कि पक्षकार जमीन पर जाकर उसका फोटो अक्षांश देशांश अपलोड कर सकते हैं। यह रजिस्ट्री मॉड्यूल में अपलोड हो जाता है। जिससे प्रक्रिया तेज और पारदर्शी हुई है। खरीददार को अपनी जमीन की वास्तविक स्थिति पता होती है जो रिकॉर्ड में दर्ज होती। शासन को भी वास्तविक राजस्व की प्राप्ति होती है।

सुगम ऐप संपत्ति संबंधी धोखाधड़ी रोकने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। कई बार ऐसी शिकायतें आती है कि रजिस्ट्री दस्तावेज में दिया गया सम्पत्ति विवरण तथा मौके की स्थिति में अंतर होता है। एक सम्पत्ति कई लोगों को बेचने की शिकायतें आती है। जिस जमीन का रजिस्ट्री किया जाता है, वह जमीन वास्तव में अस्तित्व में नही होती। ऐसी घटनाएं भी प्रकाश में आती रहती है कि रोड, रास्ता, उद्यान आदि की जमीन बेच दिया गया है। मौके में जितनी जमीन उपलब्ध है, उससे अधिक रकबा बेच दिये जाने की घटनाएं भी होती रहती है। ऐसी घटनाओं से आपसी लड़ाई-झगड़े तथा कोर्ट-कचहरी के मुकदमेबाजी में वृद्धि होती है। सुगम एप का उद्देश्य रजिस्ट्रीशुदा सम्पत्ति का पहचान, सम्पत्ति के धोखाधड़ी के घटनाओं को रोकना है। इससे ऐसी घटनाओं के पता चलने के बाद पक्षकार रजिस्ट्री के बाद होने वाले परेशानियों से मुक्त हो सकेंगे।

**ऐसे काम करता है सुगम ऐप**

सुगम ऐप में पक्षकार को रजिस्ट्री के प्रक्रिया के दौरान अपना मोबाईल लेकर उस जगह में जाना होगा, जिस स्थान की रजिस्ट्री किया जा रहा है। उस स्थान में जाकर सुगम ऐप खोलकर ऐप में निर्देशित तीन कोणों अर्थात सम्पत्ति के सामने, दाएं और बाएं से उस स्थान का फोटो लेना होगा। वह फोटो स्वत: ही रजिस्ट्रार के माड्यूल में ट्रांसफर हो जाएगा। उस स्थान की भौगोलिक स्थिति अर्थात अक्षांश व देशांतर की स्थिति रजिस्ट्री पेपर में फोटो के साथ दर्ज हो जाएगी। इस प्रकार संपत्ति की वास्तविक भौगोलिक स्थिति का निर्देशांक रजिस्ट्री पेपर में स्थायी रूप से अंकित रहेगा, जिससे पक्षकार कभी भी उस स्थान पर जाकर संपत्ति की पहचान कर सकता है।

**राजस्व के सही आंकलन में आसानी-** सुगम ऐप के माध्यम से सरकार को राजस्व नुकसान पहुँचाने की घटनाओं को भी नियंत्रित किया जा सकेगा। सुगम ऐप से संपत्ति में क्या वास्तविक संरचना बना हुआ, यह ज्ञात हो सकेगा, जिससे भवन, रोड, फैक्ट्री आदि संरचनाओं को छुपाया नहीं जा सकेगा तथा इसके कारण सरकार को होने वाले राजस्व अपवंचन को रोका जा सकेगा।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480